भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं. *192

जिसका उत्तर 06.08.2025 को दिया जाना है

मल्लापल्ले से कोइलकुन्टला तक ग्रीनफील्ड राजमार्ग

*192 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या फरवरी, 2023 में आंध्र प्रदेश के प्रकाशम् ज़िले में मल्लापल्ले से कोइलकुन्टला तक ₹910 करोड़ की अनुमानित लागत वाले लगभग 20 किलोमीटर लम्बे छह लेन के नियंत्रित पहुँच वाले ग्रीनफ़ील्ड राजमार्ग को मंजूरी दी गई थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या उक्त कार्य प्रारंभ हो चुका है, और यदि हां, तो इसके पूर्ण होने की अनुमानित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

'मल्लापल्ले से कोइलकुन्टला तक ग्रीनफील्ड राजमार्ग' के संबंध में श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी द्वारा पूछे गए दिनांक 06.08.2025 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. 192 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग) दिनांक 27.03.2023 को 909.02 करोड़ रुपये की कुल पूंजीगत लागत से 20 किलोमीटर लंबे "मल्लापल्ले से कोइलकुन्टला तक छह लेन वाला पहुंच नियंत्रित ग्रीनफिल्ड राजमार्ग" परियोजना को अनुमोदित किया गया है।

यह परियोजना बेंगलुरु-कडप्पा-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारे का हिस्सा है और इस परियोजना के लिए समझौते पर दिनांक 04.05.2023 को हस्ताक्षर किए गए थे। इसका कार्य दिनांक 12.02.2024 को शुरू हुआ और इसकी निर्धारित समापन तारीख 10.02.2026 है।

*****